## कक्षा– VIII
## विषय– विज्ञान

1 सजीव के शरीर की संरचनात्मक और कार्यालय इकाई है –
(A) कोशिका (B) कोशिका भित्ति
(C) उत्तक (D) कोशिका झिल्ली

2. एक अधातु जो सबसे कठोर होता है –
(A) आयोडीन (B) गंधक
(C) नाइट्रोजन (D) हीरा

3. बीमारी पैदा करने वाली सूक्ष्म जीवों को नष्ट करने अथवा उनकी वृद्धि को रोक देने का काम करने वाली औषधि है –
(A) प्रतिरक्षी (B) प्रतिजैविक
(C) रोगजनक (D) रोगवाहक

4. लोहे के पुलों को जंग से बचाने के लिए किस धातु का विद्युत लेपन किया जाता है ?
(A) क्रोमियम (B) चाँदी
(C) जिंक (D) टिन

5. वृषण एवं अंडाशय द्वारा स्रावित हार्मोन कहलाता है –
(A) थायरॉक्सिन (B) लैंगिक हार्मोन
(C) इन्सुलीन (D) ऐड्रिनेलिन

6. गिरते हुए 'आम' पर कौन–सा बल लगता है ?
(A) चुम्बकीय बल (B) पेशीय बल
(C) गुरूत्वाकर्षण बल (D) विद्युत बल

7. कागज के कप में पानी डालकर गर्म करने पर क्या होगा ?
(A) कागज का कप जल जाएगा (B) कागज का कप नहीं जलेगा
(C) कागज नीचे से फट जाएगा (D) इनमें से कोई नहीं

8. वह प्रक्रम जिसके अंतर्गत कोई जीवधारी अपने जैसे दूसरे जीवधारियों को उत्पन्न कर सकता है, कहलाता है –
(A) उत्सर्जन (B) जनन
(C) अनुकूलन (D) पोषण

9. इंद्रधनुष बनने के पीछे कौन–सी प्रक्रिया निहित है ?
(A) परावर्तन (B) अपवर्तन
(C) वर्ण–विक्षेपण (D) पार्श्व परावर्तन

10. रबी फसल का उदाहरण है –
(A) धान (B) मकई
(C) गेहूँ (D) सोयाबीन

11. सूर्य का सबसे बड़ा ग्रह है –
(A) पृथ्वी (B) बुध
(C) बृहस्पति (D) शुक्र

12. ग्रह की परिक्रमा करने वाले खगोलीय पिंड को क्या कहते हैं?
(A) उपग्रह (B) तारा
(C) उल्का पिंड (D) क्षुद्रग्रह

13. जोरों की वर्षा के कारण मैदान गीला हो जाने पर बिना जूते पहने फुटबॉल खेल रहे खिलाड़ियों के लिए घर्षण ......
(A) कम हो जाएगा (B) अधिक हो जाएगा
(C) कोई फर्क नहीं पड़ेगा (D) A और B दोनों होगा

14. प्लास्टिक अपशिष्ट को पुनः चक्रित करने के लिए 4R सिद्धांत है –
(A)उपयोग कम करना, पुनः उपयोग करना, पुनः चक्रित करना, पुनः प्राप्त करना
(B) पुनः इकट्ठा करना, नई आकृति देना, सुधार करना, दोबारा जोड़ना
(C) फिर से सजाना, पुनः चक्रित करना, पुनः इकट्ठा करना, दोबारा जोड़ना
(D) इनमें से कोई नहीं

15. टिन के दो डिब्बे और डोरी से बने खिलौना टेलीफोन से जब दो व्यक्ति बोलने–सुनने की क्रिया करते हैं तब एक दूसरे की बात सुनाई देती है। इनमें ध्वनि का संचरण होता है –
(A) वायु के माध्यम से (B) डोरी के माध्यम से
(C) पानी के माध्यम से (D) डिब्बे के माध्यम से

16. निम्नलिखित में कौन–सा कथन सही नहीं है?
(A) समान विद्युत आवेश एक दूसरे को प्रतिकर्षित करते हैं।
(B) असमान विद्युत आवेश एक दूसरे को आकर्षित करते हैं।
(C) चालक धातुओं द्वारा विद्युत आवेश स्थानांतरित किया जा सकता है।
(D) समान विद्युत आवेश एक दूसरे को आकर्षित करते हैं।

17. झारखण्ड के अनेक जगहों पर भूमि के अंदर आर्सेनोपाराइट नामक खनिज पाए जाने के कारण भूमिगत जल किस तत्व से विषाक्त हो जाता है?
(A) आर्सेनिक (B) पारा
(C) पास्फोरस (D) शीशा

18. राँची शहर हेतु वाहनों में उपयोग के लिए सबसे कम प्रदूषक ईंधन के रूप में आप किस ईंधन का चयन करेंगे?
(A) पेट्रोल (B) डीजल
(C) सी0एन0जी0 (D मिट्टी का तेल

19. ब्रेड (डबल रोटी) या इडली फूल जाती है, इसका कारण है –
(A) ऊष्णता (B) पीसना
(C) यीस्ट कोशिकाओं की वृद्धि (D) फेंटने के कारण

20. सूक्ष्मजीवों द्वारा होने वाले ऐसे रोग जो एक संक्रमित व्यक्ति से स्वस्थ व्यक्ति में वायु, जल, भोजन या कायिक संपर्क द्वारा फैलते हैं, क्या कहलाते हैं?
(A) संचरणीय रोग (B) असंचरणीय रोग
(C) मानवरोग (D) उपर्युक्त सभी

# कक्षा – VIII
## विषय– विज्ञान

| प्रश्न संख्या | विकल्प | उत्तर |
|---|---|---|
| 1. | A | कोशिक |
| 2. | D | हीरा |
| 3. | B | प्रति जैविक |
| 4. | C | जिंक |
| 5. | B | लैंगिक हार्मोन |
| 6. | C | गुरूत्वाकर्षण बल |
| 7. | B | कागज का कप नहीं जलेगा |
| 8. | B | जनन |
| 9. | C | वर्ण–विक्षेपण |
| 10. | C | गेहूँ |
| 11. | C | बृहस्पति |
| 12. | A | उपग्रह |
| 13. | A | कम हो जाएगा |
| 14. | A | उपयोग कम करना, पुनः उपयोग करना, पुनः चक्रित करना, पुनः प्राप्त करना |
| 15. | B | डोरी के माध्य से |
| 16. | D | समान विद्युत आवेश एक दूसरे को आकर्षित करते हैं। |
| 17. | A | आर्सेनिक |
| 18. | C | सी0एन0जी0 |
| 19. | C | यीस्ट कोशिकाओं की वृद्धि |
| 20. | A | संचरणी रोग |